# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

## मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये प्रचार तेज : भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर और मिर्जापुर में किया प्रचार।
2. सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देवरिया और कुशीनगर में संयुक्त रैली को सम्बोधित कर प्रत्याशियों के लिये मांगे वोट।
3. आज धूमधाम से मनाया जा रहा है ज्येष्ठ माह का पहला बड़ा मंगल : प्रसिद्ध हनुमान मंदिरों में लगा है भक्तों का तांता, विभिन्न स्थानों पर भंडारों का किया गया आयोजन।

और

4. प्रदेश में लू और भीषण गर्मी का प्रकोप जारी : 31 मई तक गर्मी से राहत की कोई उम्मीद नहीं।

———————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के चुनाव के लिये प्रचार चरम पर पहुंच गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों ने आज अपने पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर और मिर्जापुर में जनसभा को सम्बोधित किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस चुनाव में वह प्रचार के लिए जहां भी गए, हर जगह लोग मोदी जी को भरपूर समर्थन देते मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने चार करोड़ गरीबों के मकान बनवाए, जो बच गए हैं उन्हें चार जून के बाद सरकार बनने पर मिल जाएंगे। गरीबों के इलाज के लिए आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना से निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन भाजपा सरकार की ही देन है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में सपा सरकार और केंद्र में कांग्रेस सरकार थी तब गरीब भूख से मरता था, किसान आत्महत्या करता था, नौजवान पलायन करता था, बेटियां और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। मिर्जापुर में एनडीए प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के समर्थन में वोट की अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छे प्रतिनिधियों को चुनने से क्षेत्र का विकास और योजनाओं का संचालन बेहतर ढंग से होता है। बाइट सीएम...

*बेहतर कनेक्टिविटी रोड की हो या रेल की या माँ विंध्यवासिनी के त्रिकोण में रोपवे के लिए कार्य करना हो, या बहुत शीघ्र वॉटरवे की सुविधा*

*के माध्यम से सीधे कोलकाता और हल्दिया को जोड़ने के लिए प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी होते हुए, बलिया होते हुए सीधे हल्दिया तक की कनेक्टिविटी को बढ़ाने का। कहीं भी अब पीछे नहीं रहने वाला है। जब अच्छे लोगों को चुनते हैं, अच्छा जनप्रतिनिधि चुना जाता है, अच्छा सांसद, अच्छा विधायक चुना जाता है, तो परिणाम भी अच्छा ही आता है और वो अच्छा परिणाम आज मिर्जापुर के अंदर देखने को मिला है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ देश को सुरक्षित, ताकतवर बनाने के साथ दुनिया में नए प्रतिमान स्थापित करने वाली मोदी सरकार है तो दूसरी तरफ भारत के खिलाफ षडयंत्र करने वाले कांग्रेस और सपा का गठबंधन है।

उधर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने देवरिया और कुशीनगर में इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली को सम्बोधित किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार आ रही है। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार बनने पर मनरेगा मजदूरों का भत्ता बढ़ाकर चार सौ रुपए किया जायेगा और आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की आय दोगुनी की जायेगी।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग संविधान बदलने की बात कर रहे हैं जनता उन्हें बदल देगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने का है। सपा अध्यक्ष ने जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार

बनने पर नौजवानों को नौकरी और किसानों का कर्जा माफ होगा। उन्होंने कहा कि गरीब माताओं और बहनों के खाते में हर साल एक लाख रूपये दिये जायेंगे। बाइट....

*हम अपने नौजवानों को कहने जा रहे हैं दिल्ली में तीस लाख नौकरियाँ खाली है उन नौकरियों को आरक्षण के साथ भरने का काम करेंगे जिससे हमारे नौजवानों को नौकरी मिल जाए। इसलिए जहाँ नौकरी मिलेगी किसानों का कर्ज माफ होगा। पुरानी पेंशन बहाल होगी। शिक्षा मित्र में रोजगार उनहत्तर हजार वाले नौजवानों की मदद होगी वही हमारी माताएँ बहने जो गरीब है जिनके पास कोई साधन नहीं है ना उनको सम्मान मिल पा रहा है उनके लिए हम लोग अकाउंट में हर साल एक लाख रुपए भेज करके इनकी मदद करने का काम करेंगे।*

——————————

उधर मऊ और बलिया में उप मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता केशव प्रसाद मौर्य ने चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें जनता की ताकत का पता नहीं है। वहीं मऊ के दोहरीघाट में सपा सांसद डिम्पल यादव ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज पूरा देश परिवर्तन चाह रहा ह।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप

प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

—————————

**28.05.2024**

बड़ा मंगल

आज ज्येष्ठ माह का पहला बड़ा मंगल है। इस अवसर पर प्रसिद्ध हनुमान मंदिरों में दर्शन–पूजन के लिये सुबह से भक्तों का तांता लगा हुआ है। राजधानी लखनऊ और उसके आसपास के जिलों में ज्येष्ठ माह में श्रद्धा और उल्लास के साथ बड़े मंगल का पर्व मनाया जाता है। अलीगंज स्थित पुराने हनुमान मंदिर और हनुमान सेतु मंदिर परिसर में आज मेले का आयोजन किया गया है, वहीं अयोध्या में प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में भक्तों ने बजरंगबली के दर्शन किये। मंदिरों और घरो में भजन–कोर्तन के साथ सुन्दर काण्ड का पाठ किया गया। इसके साथ ही  लखनऊ, उन्नाव, बलरामपुर, अयोध्या सहित विभिन्न जनपदों में प्याऊ की व्यवस्था तथा शरबत के साथ भंडारे का आयोजन भी किया गया।

एक किंवदंती के अनुसार हिंदू, मुस्लिम सदभाव के प्रतीक बड़े मंगल पर्व की शुरूआत लखनऊ के अलीगंज

स्थित पुराने हनुमान मंदिर परिसर में मेले के रूप में हुई थी। पेश है एक रिपोर्ट....

*ज्येष्ठ माह के हर मंगलवार को लखनऊ और आसपास के ज़िलों में बड़ा मंगल धूम धाम से मनाया जाता है। बड़े मंगल की शुरुआत लखनऊ के अलीगंज स्थित पुराने हनुमान मंदिर से हुई थी। कहा जाता है कि नवाब सआदत अली ने अपनी मां के निर्देश पर इस मंदिर को बनवाया था। इस मंदिर के ऊपर एक चांद की आकृति लगी हुई है जो हिंदू मुस्लिम सद्भाव का प्रतीक है। इस मंदिर में ज्येष्ठ महीने के हर मंगलवार को मेले का आयोजन किया जाता था। वहीं एक मान्यता ये भी है कि नवाब वाजिद अली शाह की बजरंगबली में बहुत आस्था थी। उन्होंने अलीगंज के प्राचीन हनुमान मंदिर में भंडारा कराने की शुरुआत की थी। तब से ये परंपरा चली आ रही है। समय के साथ ये आयोजन अलीगंज मंदिर ही नहीं बल्कि पूरे लखनऊ के हनुमान मंदिरों में किया जाने लगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्त हनुमान मंदिरों में दर्शन पूजन करते हैं। साथ ही शहर में कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन भी किया जाता है। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने विशेष इंतज़ाम किए हैं साथ ही यातायात में बदलाव भी किया गया है। समाचार कक्ष से मैं तनवीर फातिमा आकाशवाणी लखनऊ।*

——————————

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी तीन–चार दिन तक इससे राहत मिलने के आसार फिलहाल नहीं है। इस बीच प्रदेश में सबसे अधिक तापमान झांसी में 48 दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया वहीं सबसे कम गोरखपुर और बहराइच में 40 दशमलव दो डिग्री तापमान रहा। मौसम विभाग ने गाजियाबाद, नोएडा, मथुरा, हाथरस सहित कई जनपदों में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग लखनऊ केन्द्र के निदेशक मनीष रनालकर ने बताया

कि 31 मई तक गर्मी से फिलहाल राहत की कोई उम्मीद नहीं है। बाइट...

*अगले चार दिनों तक यानी इकतीस मई तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शुष्क मौसम रहने की सम्भावना है और एक जून को कहीं कहीं गरज के साथ बौछारें पड़ने की सम्भावना है। वही पूर्वी उत्तर प्रदेश की बात करे तो अगले दो दिनों तक मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है। अगर हम उष्ण लहर की बात करे तो पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में दो दिनों तक यानी अट्ठाईस और उनतीस मई को कुछ स्थानों आरोप उष्ण लहर यानि लू और तीव्र उष्ण लहर यानि भीषण लू चलने की सम्भावना है।*

इस बीच तेज गर्मी और लू की वजह से लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। कई स्थानों पर बिजली कटौती से भी लोग परेशान रहे।

अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीज बढ़ रहे हैं ऐसे में लोगों को जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकलने और पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन करने की सलाह दी गई है। डॉक्टरों ने पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ घर से बाहर निकलने की राय दी है। इस बीच गर्मी बढ़ने के साथ ही पावर ट्रांसफार्मर जलने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में लखनऊ में कई बिजली उपकेन्द्रों पर गमी से बचाव के लिए ट्रांसफार्मरों के सामने कूलर और पंखे लगाये गये हैं। बिजली विभाग के अभियंताओं का कहना है कि भीषण गर्मी में अचानक बिजली की मांग बढ़ने से ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ रहा है।

——————————